अपने समुदायों
को जोड़ना

सूचना अद्यतन (अपडेट)

यदि आपके वाहन को टो कर लिया जाता है, तो क्या करें?

आपके वाहन को टो करके ज़ब्त कर लिया गया था क्योंकि इसे एक टो-एवे ज़ोन में पार्क किया गया था और आपको वाहन छुड़ाने के शुल्क के साथ में जुर्माना भी देना पड़ सकता है।

क्लियरवेज़ और टो-एवे ज़ोन यातायात के प्रवाह को बनाए रखने में सहायता करते हैं और यह सुनिश्चित करके भीड़-भाड़ को कम करते हैं कि पीक (सबसे व्यस्त) समय में सड़कों को अवरुद्ध करने वाला कोई भी वाहन पार्क न किया गया हो।

उल्लंघन प्रक्रिया

1. ड्राइवरों को वाहन छुड़ाने का शुल्क अदा करना होगा

- अपने वाहन को छुड़ाने के लिए आपको अपनी पहचान का प्रमाण दिखाना होगा और वाहन छुड़ाने का शुल्क अदा करना होगा।
- यदि आपको लगता है कि आपके वाहन को टो नहीं किया जाना चाहिए था, तो आप वाहन छुड़ाने का शुल्क अदा करने के बाद ही समीक्षा के लिए निवेदन कर सकते/सकती हैं।
- आप असाधारण परिस्थितियों के आधार पर समीक्षा के लिए आवेदन जमा कर सकते/सकती हैं और आपको इसके समर्थन में प्रमाणों के साथ-साथ टो किए जाने के समय, तिथि और स्थान का विवरण भी देना होगा।
- असाधारण परिस्थितियों के प्रमाण में रिपोर्टें, पत्र, कथन, प्रस्तुतियाँ, वैधानिक घोषणाएं, पुलिस रिपोर्ट और पारिवारिक हिंसा सुरक्षा नोटिस शामिल हो सकते हैं।
- और अधिक जानकारी के लिए कृपया VicRoads की वेबसाइट पर जाएँ और 'tow away zones' की खोज करें।
- समीक्षा का निवेदन करने के लिए कृपया इस पते पर पत्र भेजें: Clearway Towing Administrator, VicRoads, Locked Bag 9000, Kew Victoria 3101
- आपके आवेदन में दी गई जानकारी और समर्थन दस्तावेजों के आधार पर VicRoads टो किए जाने की परिस्थितियों की समीक्षा करेगा और आपको परिणाम की सूचना देगा।

2. वाहन-मालिकों को पार्किंग जुर्माना देना पड़ सकता है

- प्रतिबंधित अवधियों में क्लियरवे और टो-एवे ज़ोन में पार्किंग करना अपराध होता है और पंजीकृत वाहन-मालिकों को 'क्लियरवे में रोकने' के लिए पार्किंग जुर्माना लगाया जा सकता है।
- पंजीकृत वाहन-मालिकों को डाक के माध्यम से जुर्माना पत्र भेजा जाता है। यदि आप वाहन के पंजीकृत मालिक नहीं हैं, तो कृपया पंजीकृत मालिक को यह जानकारी देना सुनिश्चित करें।

3. अपना जुर्माना अदा करना

- यदि आपको परिवहन विभाग (Department of Transport) की ओर से जुर्माना प्राप्त हुआ है और आप प्रक्रिया के बारे में और अधिक जानकारी प्राप्त करना चाहते/चाहती हैं, तो कृपया परिवहन विभाग (Department of Transport) की वेबसाइट पर जाएँ और 'clearways fine' की खोज करें या clearway.infringements@transport.vic.gov.au पर ईमेल भेजें।
- यदि आपको सिटी ऑफ यार्रा, स्टोनिंगटन, मैरीबरनॉन्ग, मोरलैंड, डेयरबिन, बुरूंडरा, पोर्ट फिलिप और/या मेलबर्न की ओर से जुर्माना मिलता है, तो आपको संबंधित नगर पालिका से सीधे संपर्क करना होगा।

दुभाषिया सेवा

आपके वाहन को टो किए जाने पर क्या करना चाहिए, इसके बारे में और अधिक जानकारी के लिए कृपया VicRoads बहुभाषी सूचना लाइन को (03) 9280 0783 पर कॉल करें।

राष्ट्रीय रिले सेवा

यदि आपको सुनाई नहीं देता है अथवा आपकी सुनने या बोलने की क्षमता बाधित है, तो कृपया राष्ट्रीय रिले सेवा को 1300 555 727 पर कॉल करें और फिर 13 11 71 के लिए निवेदन करें।

STU_02919 02.21 VicRoads 60 Denmark Street Kew Victoria 3101 द्वारा प्राधिकृत और प्रकाशित।